संख्या- 50 /2017/444/चार-2017/30 (वि0)/17

प्रेषक,

श्री लुटावन राम,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग **लखनऊः दिनांक 31 मार्च, 2017**

विषय :- अयोध्या शोध संस्था द्वारा विजय दशमी (दशहरा) के अवसर पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय रामलीला आयोजन के मंचन हेतु रू 5.42 लाख की स्वीकृति के संदर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त अपने पत्र सं० 3308/सं0नि-30(1)/2014-15 दि0 22 मार्च, 2017 संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अयोध्या शोध संस्था द्वारा विजय दशमी (दशहरा) के अवसर पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय रामलीला आयोजन के मंचन हेतु संस्कृति विभाग हेतु चालू वित्तीय वर्ष उ०प्र० द्वारा 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत के रू 40 लाख रामलीला मंचन हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रू० 5.42 (पांच लाख बयालिस हजार मात्र) की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कुल धनराशि रू 5.42 (पांच लाख बयालिस हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्योत्तर स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है।

(1) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

(2) उक्त स्वीकृति धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा सम्पन्न कराये गये कार्यक्रमो पर व्यय का विवरण बिल बाऊचर्स सहित उपलब्ध कराया जायेगा।

3- उक्त धनराशि रू० 5.42 (पांच लाख बयालिस हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्यय के अनुदान सं0-92 के अधीन लेखाशीर्षक-2205- कला एवं संस्कृति-

आयोजनेत्तर-001-निदेशन एवं प्रशासन-03- संस्कृति निदेशालय- 42- अन्य-व्यय में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव

संख्या- 50 / 2016/2571 (1)/ चार/ 2017 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ०प्र० इलाहाबाद।
2- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री जी।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय जवाहर भवन लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1 /वित्त (ई-7) अनुभाग।
6- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से

(लुटावन राम)
उप सचिव